JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

2024/01/398–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक:** 26.01.2024

75वें गणतंत्र दिवस पर जयपुर मेट्रो में ध्वजारोहण।

जयपुर 26 जनवरी। देश का 75वाँ गणतंत्र दिवस जयपुर मेट्रो में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जयपुर मेट्रो श्री पी.रमेश ने मानसरोवर स्थित मेट्रो डिपो के प्रशासनिक भवन प्रांगण में ध्वजारोहण किया। इस समारोह के दौरान जयपुर मेट्रो के पूर्णकालिक निदेशकगण, मेट्रो पुलिस, मेट्रो के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

मुख्य अतिथि श्री पी. रमेश ने कार्यक्रम संबोधित करते हुए समस्त मेट्रो अधिकारियों, मेट्रो पुलिस एवं सभी मेट्रो कर्मचारियों को 75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी तथा मेट्रो के यात्रीभार व गैर किराया आय में वृद्धि के लिए निदेशक परिचालन दल के सदस्यों व इसमें मेट्रो पुलिस के सहयोग की सराहना की। साथ ही निदेशक कंपनी मामलात के सदस्य–दल को नये–नये आयामो के माध्यम से गैर किराया आय अर्जन में हुई वृद्धि हेतु सराहा व बधाई दी। श्री पी.रमेश ने जयपुर मेट्रो के सभी कर्मचारियों को इन उपलब्धियों के लिए बधाई दी एवं आगामी फेज 1सी व 1डी के निर्माण कार्यों हेतु हौसला अफजाई करते हुए राष्ट्र के निर्माण में अपना पूर्ण योगदान देने हेतु प्रेरित किया।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो